पत्रिका

बरेली में पकड़ी गई अपोलो कंपनी की नकली फैक्ट्री, इज्जतनगर पुलिस ने मारा छापा, जाने क्या बनाते थे

बरेली। अपोलो कंपनी की टीम ने इज्जतनगर पुलिस के साथ मंगलवार शाम पीरबहोड़ा इलाके में छापा मारकर अपोलो के नकली पाइप बरामद किए। जिसमें दुकान मालिक समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

छापे के दौरान मिले अपोलो के 400 नकली पाइप

अपोलो कंपनी के सीनियर जरनल मैनेजर मनोज शर्मा ने बताया कि लंबे समय से शिकायत में नहीं थी कि पीरबहोड़ा में अपोलो कंपनी के नकली पाइप की सप्लाई हो रही है। इसके आधार पर अपोलो कंपनी की टीम इज्जत अगर पुलिस के साथ मौके पर पहुंची तो दुकान से नकली पाइप बरामद किए है। जिसके बाद दुकान मालिक मोनिस खान समेत चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया है।

दुकान मालिक समेत तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज

अपोलो कंपनी के सीनियर जरनल मैनेजर ने दुकान मालिक मोनिस, नौशाद और साहिल के खिलाफ इज्जत नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। दुकान मालिक मोनिस ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसे किला क्षेत्र के साहिल और नौशाद माल सप्लाई करते थे।

Source: https://www.patrika.com/bareilly-news/fake-apollo-company-factory-caught-in-bareilly-izzatnagar-police-raided-know-what-they-used-to-make-19241864